An ISO 9001:2015 Certified

# RCTI

## COMPUTER EDUCATION

Rashtriya Computer Training Institute

A National Programme of Information Technology Education & Development


# Page Maker

## File Menu

इस menu के अन्दर विभिन्न आदेश (commands) है :

**New** इस कमांड का प्रयोग नया publication बनाने के लिए किया जाता है। अन्य file पर काम करते हुए आप नया फाइल इसके माध्यम से खोल सकते हैं। कंप्यूटर की याददाश्त (Memory) क्षमता के अनुसार 16 files खोले जा सकते हैं। यह एक डायलाग बॉक्स दिखाता है जिसमें आप publication का एक नया page खोलने से पहले विभिन्न विकल्पों को define करते हैं।

**Open** इस कमांड का प्रयोग करने पर कंप्यूटर के हार्ड डिस्क, सीडी, पेन ड्राइव में संचित फाइल खोलने का कार्य आरंभ हो जाता है। यह एक डायलाग बॉक्स दिखाता है जहाँ आप जिस फाइल को खोलना चाहते हैं, उसे चुन सकते हैं।




**Recent Publications** यह आदेश तत्काल में जो कार्य किए गए हैं उन्हें दिखाता है, जहाँ से आप खोलने के लिए कोई एक चुन सकते हैं।

**Open** आदेश में भी इसे खोलकर किया जा सकता है।

**Close** इस कमांड के माध्यम से तत्काल publication file को बंद कर सकते हैं।

**Save** जिस फाइल को आपने खोला है और जिस पर आप काम कर रहे हैं उसे Save अर्थात् सुरक्षित रखने के लिए इस कमांड का प्रयोग किया जाता है। यदि आपने एक से अधिक फाइलों पर काम किया है तो **Shift** दबाकर सुरक्षित कर सकते हैं। यह कमांड **Save all** का काम करेगा।

**Save As** इस कमांड के द्वारा जिस फाइल पर आप काम कर रहे हैं उसे दूसरे नाम से सुरक्षित रखने की सुविधा प्राप्त होती है। तत्काल फाइल को overwrite भी किया जा सकता है।

**Revert** इस आदेश का इस्तेमाल आपके publication अथवा template के सबसे हाल ही में सुरक्षित किए गए रूपांतरण को restore करने में होता है, आपके द्वारा अंतिम बार publication को सुरक्षित करने के बाद किए गए सारे बदलावों को हटाकर। अपने publication के अंतिम सुरक्षित रूपांतरण को Revert करना, आपके बदलाव को सुरक्षित किए बिना publication को बंद करना और उसे फिर से खोलने के समान है। (मान लेते हैं कि तत्काल session के दौरान आपने file को सुरक्षित नहीं किया था।)

**Place** इस कमांड का प्रयोग text को publication में रखने के लिए करते हैं।

**Acquire** इस कमांड का प्रयोग scanning के समय किया जाता है। यह कमांड picture को scan करने में सहायता पहुँचाता है।

**Export** इस कमांड के माध्यम से कोई भी text computer के अंतर्गत दूसरे document file में export किया जाता है।

**Links Manager** इस कमांड की सहायता से प्रकाशन में विभिन्न files से संबंध स्थापित किया जाता है।

**Document Setup** यह वह dialog box है जो New के दबाने से प्राप्त होता है। यहाँ आप publication के विभिन्न विकल्पों को set कर सकते हैं।

**Printer Styles** इसके माध्यम से Printer के विभिन्न styles को आदेशित किया जाता है।

**Print** यह फाइल को print करने का आदेश देता है।

**Preferences** इस कमांड से आप अपने पसंदीदा काम को preference दे सकते हैं। अगर कोई publication खुला है तो preference में जिन विकल्पों को आप चुनते हैं वे उस पर लागू होते हैं। अगर कोई publication खुला नहीं है तो यह विकल्प नए publications जो आप बाद में बनाते हैं पर लागू होता है।

**Send Mail** इस कमांड के माध्यम से e-mail मनचाहे स्थानों पर भेजा जा सकता है।

**Exit** इस कमांड के माध्यम से हम PageMaker 7.0 को बंद कर सकते हैं।

## Edit menu




इस मेनू में कई तरह के विकल्प हैं जिनके कार्य अलग–अलग हैं।

**Undo/Redo** यह आदेश पिछले कार्यो को उल्टा कर देता है। इससे सभी कार्यों को Undo नहीं कर सकते हैं। अगर कार्य उल्टा किया जा सकता है तो, Edit menu पर आदेश Undo Pasting का नाम देता है। अगर काम को उल्टा नहीं किया जा सकता है तो कमांड को Off समझना चाहिये और Command को Cannot Undo की तरह पढ़ा जा सकता है। Undo कमांड को सक्रिय करने के बाद यदि Redo अलाउ करके तो Redo का प्रयोग कर सकते हैं।

**Cut** इस कमांड के माध्यम से अपनी File से किसी चुने हुए Text अथवा graphic को cut कर के उसी file में दूसरे स्थान पर अथवा किसी अन्य file अथवा यहाँ तक कि अन्य दूसरे software पर भी paste कर सकते है।

**Copy** इस कमांड का प्रयोग कॉपी करने के लिए किया जाता है। Cut कमांड में जिस टेक्स्ट के हिस्से को चुनते हैं वह Cut हो जाता है अर्थात समाप्त हो जाता है किन्तु copy कमांड का प्रयोग करने पर मूल text या फाइल की प्रति ज्यों की त्यों रहती है और copy किए गए text को मनचाहे text या file में paste किया जा सकता है। एक से अधिक पब्लिकेशन होने पर भी विभिन्न पब्लिकेशनों को बिना क्लिप बोर्ड के प्रयोग के ही दूसरे स्थान पर कॉपी किया जा सकता है। एक Publication में एक object चुनें, उसे दूसरे publication window में स्थिर करने करने के लिए खींचे और mouse button छोड़ दें, copy बन जायेगी।

**Paste** इस कमांड के प्रयोग से copy किए गए text को मनचाहे text में paste कर सकते हैं।

**Clear** इस आदेश का इस्तेमाल आपके publication से तत्काल selection को बिना Clipboard पर संग्रहित किए हटाने में होता है। इसका प्रभाव Delete अथवा Backspace को दबाने के समान हो है

**Select All** यह कमांड अपने नाम के अनुसार ही काम करता है। इसके द्वारा हम page के सारे text को select कर सकते हैं। आप क्या select करते है यह आप किस view में है और किस tool का इस्तेमाल कर रहे है, उस पर निर्भर करता है। Story view में, पुरी तत्काल story, select की जायेगी। Text tool के सक्रिय रहने के साथ layout view में, पूरी तत्काल story चुनी जाती है। किसी भी tool के साथ layout tool में लेकिन text tool सक्रिय हो, publication window का content चुना जाता है।

**Deselect All** यह कमांड select आदेश का उल्टा है, जहाँ आप सारे चुने हुए text को deselect करते है।

**Paste Multiple** इस कमांड से graphic या text की एक से अधिक प्रतिलिपियों को paste किया जाता है।

**Paste Special** इस आदेश का इस्तेमाल clipboard से आपके publication में एक object को paste करते समय इस्तेमाल किये जाने वाले format का उल्लेख करने में होता है। मूल प्रोग्राम एक से अधिक फार्मेट में सूचना प्रदान करता है, जब आप clipboard पर एक object को copy करते है तो, क्लिप बोर्ड पर एक से अधिक format की उपस्थिति में पेजमेकर सबसे अच्छा format, paste करने के लिए चुनता है जिसकी एडिटिंग की जा सके ।

**Insert Object** इस कमांड का प्रयोग दूसरे प्रोग्राम में object बनाने के लिए किया जाता है। इसके द्वारा OLE embedded object, PageMaker publication के साथ जोड़ते हैं।

**Edit Story** इस विकल्प के माध्यम से बिना PageMaker file बंद किए ही Word Processing Mode को चुन सकते हैं।


**Edit Original** यह कमांड OLE आधारित है। इसका प्रयोग मूल प्रोग्राम को आरम्भ करने के लिए करते हैं, जिसमें यह चुनिंदा elements बनाये गये थे। एक बार खोलने पर इसे edit किया जा सकता है और फिर PageMaker पर वापस रख सकते हैं।

## Layout menu

इस menu के अन्दर विभिन्न विकल्प है :

**Go to Page** इस कमांड के प्रयोग के द्वारा विभिन्न pages में जाया जा सकता है। पुनः screen पर जिसे देख रहे थे उस पर जा सकते हैं। इस कमांड का प्रयोग एक साथ कई pages पर आगे या पीछे jumping करने में उपयोगी होता है। Page icons और scroll bar की अनुपस्थिति में भी इसका उपयोग लाभकारी होता है।

**Insert Pages** इस कमांड के द्वारा नये page insert करने का काम होता है। PageMaker 7.0 में 999 (नौ सौ निन्यानबे) पेज बनाने की सुविधा प्राप्त है।




**Remove Pages** इस कमांड के माध्यम से pages हटाने या समाप्त करने का काम सुविधापूर्वक किया जा सकता है। Remove pages कमांड के प्रयोग करने से पेज समाप्त हो जाता है। उसे पुनः वापस नहीं लाया जा सकता है। यदि remove किए गए पेज के दोनों ओर texts का हिस्सा हो तो दोनों एक–दूसरे के साथ जुड़ जाते हैं और story या matter एक जैसे हो जाते हैं।

**Sort Pages** इस कमांड को सक्रिय करने पर एक dialog box दिखाई देगा, साथ ही सभी पेज boxes की तरह दिखाई देंगे। उन पेजों को अपनी इच्छानुसार मनचाहे स्थान पर set किया जा सकता है। इस तरह सभी पेजों को बदला जा सकता है। OK को क्लिक करने पर सभी पेजों के नम्बर स्वतः बदल जाते हैं।

**Go Back** इस कमांड को दबाने पर पिछले पेज की ओर हम चले जाएंगे।

**Go Forward** इस कमांड को दबाते ही हम अगले पेज पर बढ़ जाते हैं।


**Column Guides** इस कमांड के माध्यम से प्रकाशन के पेज को कई columns में समान रूप से हम बाँट सकते है। जबकि guides की pulling द्वारा विभिन्न मापों के कॉलम अपनी आवश्यकतानुसार बनाए जा सकते हैं। यद्यपि Autoflow का इस्तेमाल करके, पिछले पृष्ठ से आने वाला text इस विकल्प को नहीं जानता है और असमान columns में text, flow नहीं होता है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक बीस कॉलम एक पेज में बनाए जा सकते हैं।

**Copy MosterGuides** इस कमांड के द्वारा The Master Page Column और Ruler Guides स्क्रीन पर दिखाई देगा। यदि आवश्यकतानुसार आप दूसरे तरह का guide सेट करना चाहते हैं तो इसे छुपाने के लिए toggle options प्रयोग में लाना पड़ेगा।

**Autoflow** इस आदेश का इस्तेमाल एक loaded text icon से अपने आप publication के पृष्ठों पर text को flow करने में होता है। ऑटोफ्लो आरंभ होते ही अगर वहाँ बहुत ही columns है तो यह एक column से दूसरे columns पर text को pages पर flow करता है। यह text warp की setting के अनुसार graphics के चारों ओर भी text लगाता है। Text की उपलब्धि के आधार पर यह publication में अपने आप pages जोड़ता है।

## Type menu

इस मेनू के अन्तर्गत विभिन्न विकल्प है :




**Font** इस कमांड के द्वारा चुने गये text को print करने के लिए टाइप की डिजाइन define की जाती है। जब font चुनते हैं तो, पेजमेकर कंप्यूटर में इंस्टाल किए गए फोन्ट की एक सूची दिखाता है। इसके अतिरिक्त जिस font में आप काम कर रहे हैं उसे भी दिखाता है। इस तरह आप चाहें तो अपने कार्य के मुताबिक कोई Font का चुनाव कर सकते हैं।

**Size** इस कमांड का इस्तेमाल चुने हुये text या अगला text जो आप type करेंगे के printed point size को उल्लेख करने में होता है।

**Leading** Text को दो lines के बीच की खाली जगह leading है। अगर leading सामान्य है तो text ज्यादा पढ़ने लायक होता है, अगर यह कम है तो text भरा भरा लगता है और कम पढ़ने लायक बन जाता है, लेकिन स्वभाविक है कि एक pages में text की lines की संख्या बढ़ जाती है, जिसके परिणामस्वरूप किताब में pages की संख्या कम हो जाती है।

**Type Style** पेजमेकर में छः तरह के type style दिए गऐ हैं। वे है : Normal, **Bold**, *Italics*, Underline, ~~Strikethru~~, Find.

**Expert Kerning** इस कमांड के माध्यम से दो अक्षरों के बीच की दूरी घटाई और बढ़ाई जा सकती है।

**Expert Tracking** इस कमांड द्वारा अक्षरों के समूह अर्थात् शब्दों के बीच space अर्थात् दूरी कम या अधिक की जाती है ना कि व्यक्तिगत letters के pairs पर जैसा कि kerning में होता है।

**Horizontal Scale** इस कमांड के द्वारा text के character की चौड़ाई में बदलाव लाया जाता है। यह typesetting में text को संकुचित या फैला देता है। अर्थात् 90% का अर्थ है 10% संकुचित करना, उसी तरह 110% का अर्थ है 10% चौड़ाई में वृद्धि।

**Character** यह कमांड text के कई items को जरूरत के अनुसार एक स्थान पर एकत्रित करता है। इसके माध्यम से अक्षरों के बनावट में बदलाव लाया जा सकता है और अक्षरों को Subscript अथवा Superscript की स्थिति में ले जा सकते है। साथ text के रंगों को भी बदलने का कार्य यह कमांड करता है।

**Paragraph** इस कमांड के द्वारा paragraph के विभिन्न attributes को set करते है। पेजमेकर सभी कार्यों के लिए lines के एक set को paragraph की तरह मानता है। पैराग्राफ की समाप्ति keybord के अंतर्गत Enter दबाने से हो जाती है।

**Indents/Tabs** इसका प्रयोग tabular matter में किया जाता है। इस कमांड के द्वारा tab दबाकर इच्छित स्थान पर text, set किए जा सकते हैं।

RCTI COMPUTER EDUCATION
RASHTRIYA COMPUTER TRAINING INSTITUTE

**Hyphenation** यह आदेश दो अलग कार्यो की अनुमति देता है। इसका मुख्य उद्देश्य यह निश्चित करता है कि एक चुने हुये paragraph अथवा एक खास style के paragrph में शब्द कैसे hyphenated होने चाहिए। आप इसका इस्तेमाल अपनी user dictionary में शब्द और hypenation instruction को जोड़ने में भी कर सकते हैं।

**Alignment** इस कमांड का प्रयोग paragraph या शब्दों को सजाने के लिए किया जाता है। इस कमांड के सहायोग से बाएं (Left), दाएं (Right), बीच में (Centre), बराबर (Justify), फोर्स जस्टिसफाई (Force Justify) करने का कार्य किया जाता है।

**Style** इस कमांड के द्वारा paragraph के style को बदला जा सकता है।

**Define Styles** इस कमांड के द्वारा विभिन्न paragraph को बनाने, संपादन करने, हटाने, दुबारा कॉपी करने, का कार्य किया जाता है।

## Element Menu




इस menu के अंतर्गत विभिन्न आदेश है :

**Fill** इस कमांड के द्वारा इसमें उपलब्ध विकल्प द्वारा बॉक्स या गोलाई को भरने का कार्य किया जाता है। इसके द्वारा paper और solid द्वारा भरने के लिए विकल्पों के अलावा विभिन्न तरह की lines को भरने के विकल्प भी हैं।

**Stroke** इस कमांड के द्वारा बनाए गए line के आकार (size) को चुनते हैं। इसमें अनेक प्रकार के lines के आकार हैं जिन्हें बनाया गया है, जिसे काम में लाया जा सकता है। इसे Reverse स्वरूप में बनाने का विकल्प भी आप पा सकते है।

**Fill and Stroke** यह कमांड ऊपर के दोनों कमांडों का मिश्रण है। ऊपर के दोनों कमांडों की अलग–अलग आदेश देने के बजाय इस कमांड को ही संयुक्त रूप से एक साथ काम में लाया जा सकता है।

**Frame** इसमें Frame के विभिन्न विकल्प होते हैं जिन्हें आप आगामी अध्याय में पढ़ेंगें।

**Arrange** यह कमांड graphics को आगे और पीछे ले जाने का कार्य करता है। इसे जरूरत के अनुसार हम प्रयोग में ला सकते हैं।

**Align Objects** यह दूसरा रूचिकर कमांड है जो पिछले रूपान्तरण में नहीं था। इस कमांड के द्वारा text और graphic को विभिन्न स्थानों पर ऊपर–नीचे, बीचे में तथा दाएं और बाएं अपनी इच्छानुसार कर सकते हैं।

**Text Warp** यह अनेक प्रकार के text warp के विकल्प प्रदान करता है। जिसमें से कोई भी अपने टेक्स्ट के लिए आप चुन सकत हैं।

**Group** यह कमांड बहुत से graphics software के पेज पर प्राप्य है। इस आदेश के इस्तेमाल द्वारा आप page पर उपलब्ध items का एक group बना सकते है। यह एक ब्लाक में सभी को एकत्रित करने जैसा है।

**Ungroup** ऊपर के कमांड के द्वारा group में एकत्र किए गए कमांड को Ungroup कर सकते हैं।

**Lock Position** जब इस कमांड का प्रयोग कुछ graphics के लिए किया जाता है तो graphic, page पर lock हो जाता है और कहीं ओर खिसकाया नही जा सकता।

**Unlock** ऊपर के lock कमांड को unlock करने के लिए इस कमांड का प्रयोग किया जाता है।

**Mask** इस कमांड के द्वारा हम text को graphic के भीतर देख सकते हैं।

**Unmask** Mask कमांड के प्रभाव को खत्म करने के लिए unmask कमांड का प्रयोग कर सकते हैं।

**Image** इस कमांड के द्वारा Image को साफ चमकीला (Brightness) किया जा सकता है। साथ ही image contrast, image के screen angle में बदलाव और इमेज के स्क्रीन के पैटर्न को दिखाता है।

**Polygon Settings** इस कमांड के द्वारा polygon में अनेक भुजाओं की सेटिंग एक साथ कर सकते हैं।

**Rounded Corners** इस कमांड के द्वारा बॉक्स बनाए जाने पर कोने के हिस्से को मोड़ा जा सकता है।

**Link Info** इस कमांड का प्रयोग प्रकाशन में चुन गये linked objects स selected in the publication.

**Link Options** इस कमांड के द्वारा text या graphic के updated तथा पब्लिकेशन के frequency के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।


**Non-Printing** इस कमांड के द्वारा page के जिस भाग को चुनते हैं उसकी printing में अवरोध हो जाता है, जिससे कि वे अन्य print होने वाले page के contents के साथ print न हो।

**Remove Transformation** इस कमांड के प्रयोग के द्वारा चुने हुये text अथवा graphics में इस्तेमाल किये गये स्थानांतरण (transformation) को हटा सकते है।

## Utilities Menu

इस menu के अंतर्गत विभिन्न आदेश हैं :

**Plug-ins** इस कमांड के कुछ सहायक (sub) कमांड हैं, जिसकी सूची में विभिन्न plug-ins हैं जो software में अतिरिक्त की तरह जोड़े गए हैं। वे इस प्रकार हैं :




**Add con'td line...** अधिकांश समय जब पुस्तक, leaflet या brochure आदि बनाने के लिए टेक्स्ट का प्रयोग करते हैं तो एक पेज से अन्य पेज पर टेक्स्ट ले जाना आवश्यक हो जाता है। इसमें जरूरी नहीं है कि दूसरे पेज पर ही टेक्स्ट को ले जाया जाए। यह प्रथम पृष्ठ के अन्त में एक line "Continued on Page no." की तरह डालने देता है और जहाँ बचा हुआ text ले जाया जाता है, उसके ऊपरी भाग पर "Continued from Page no." की तरह डालने देता है।

**Balance Columns...** Text format में कभी–कभी एक ही page पर दो columns को बैलेंस करने की जरूरत पड़ती है। इसकी जरूरत प्रायः brochures या magazines आदि में पड़ती है।

**Build Booklet...** इस कमांड के माध्यम से प्रकाशन के text की copy बना सकते हैं। अनेक पेजों को एक पेज पर छाप सकते हैं। जबकि folded page को सही order में रखने का आदेश दे सकते हैं।

**Bullets and numbering...** अब टेक्स्ट में bullet रखना आसान हो गया है। यह आपके इच्छानुसार हो सकता है और विशेष characters द्वारा भी replace कर सकते है। यह paragraph को नंबर भी दे सकता है। नम्बर का स्टाइल आप अपनी सुविधानुसार बदल सकते हैं।

**Change Case...** इस कमांड के द्वारा Normal को upper या lower case में बदल सकते हैं।

**Create Color Library...** इस कमांड के माध्यम से रंगों को सुरक्षित करके समूह (group) में रखा जा सकता है। इसमें कई प्रकाशनों के रंगों को विशेष रंगों में बनाये रखने में सहायता प्रदान होती है।

**Drop Cap...** इस कमांड के द्वारा text के पहले अक्षर को विशिष्टता प्रदान करते हैं। जिसके तहत पहला अक्षर **bold** और बड़ा दिखाई देता है। आपको अपने जरूरत और कार्य के अनुसार किसी भी लाइन तक इस तरह की सुविधा प्राप्त हो सकती है।

**EPS Font Scanner...** इस कमांड के द्वारा font को EPS files में जोड़ा जा सकता है।

**Global Link Options...** इस कमांड के द्वारा प्रकाशन में links के विकल्पों को बदल सकते हैं।

**Grid Manager...** यह कमांड ruler guide grids, custom ruler guides और column guides बनाने की सुविधा देता है।

**Keyline...** इस कमांड के द्वारा graphic का keyline स्थापित करते हैं।

**Publication Converter...** यह आदेश publication को पहले के रूपान्तरों में बदलता है।

**QuickTime Media...** यह कमांड Quick Time software के साथ काम करने के लिए इस्तेमाल होता है।

**Running Headers & Footers...** इस कमांड के द्वारा हम पेज के ऊपरी हिस्से (Headers) या नीचे वाले हिस्से (Footers) पर पेज का पहला शब्द या पेज का अन्तिम शब्द जिसकी जरूरत हो प्रयोग में लाते हैं। यह डिक्सनरी (शब्दकोष) या डाइरेक्ट्री के लिए महत्वपूर्ण होता है।

**Save For Service Provider...** इस कमांड का प्रयोग Service Provider के लिए किया जाता है।

**Show/Hide Toolbar...** इस कमांड का प्रयोग toolbar को दिखाने या छिपाने के लिए कर सकते हैं। Show कर्सर से छूते ही टूलबार स्क्रीन पर दिखाता है। उसी तरह हाइड टूलबार को क्लिक करने पर गायब हो जाता है।

**Word Counter...** इस कमांड से पब्लिकेशन में करेक्टर, lines, paragraph आदि की संख्या की जानकारी होती है।

**Find** यह सिर्फ Story editor में उपलब्ध होता है। इससे स्टोरी में कोई भी शब्द, जिसके बारे में जानकारी प्राप्त करनी हो तो फाइन्ड (Find) का सहयोग लेते हैं।

**Find Next** इस कमांड के द्वारा Story के text में एक ही तरह के दूसरे शब्दों को खोज निकालते हैं। यह कमांड केवल story के संपादन में कार्य करता है।

**Change** यह कमांड भी केवल Story संपादन में कार्य करता है। यह आदेश word processor के Find and Replace आदेश की तरह इस्तेमाल होता है।

**Spelling** इस कमांड का प्रयोग Story Editor में होता है। इसके द्वारा text का spelling check किया जाता है।

**Book** इस कमांड के द्वारा तैयार की हुई किताब की पब्लिकेशन उसी तरह की बन जाती है। इस कमांड का प्रयोग किताब के Content के table या Index बनाते समय करते हैं।

**Index entry** इस कमांड के प्रयोग text में Index Entry को चिन्हित करने के लिए करते हैं।


**Show Index** इस कमांड का प्रयोग छपाई के पहले Index दिखाने के लिए करते हैं।

**Create Index** इस कमांड का प्रयोग इंडेक्स के लिए चिन्हित Entries के आधार पर index बनाने के लिए करते हैं।

**Create TOC** यह चिन्हित entries से उसी के समान Table of Contents बनाता है।

**Define Colors** इस कमांड के द्वारा text में प्रयोग किए गए विभिन्न रंगों तथा नए रंगों की जानकारी होती है।

## View Menu




इस menu के पास निम्नलिखित विकल्प है :

**Display Master Items** इस कमांड के द्वारा master page को प्रकाशन के तत्काल पेज पर देख सकते हैं।

**Display Non-Printing Items** इस कमांड के द्वारा जिन items की छपाई नहीं होती उसे भी screen पर देख सकते हैं। जैसे – paragraph mark, tab character आदि।

**Zoom In** इस कमांड के द्वारा text को स्क्रीन पर बड़े से बड़े आकार में देख सकते हैं।

**Zoom Out** इस कमांड के द्वारा text को स्क्रीन पर छोटे से छोटा आकार दिया जाता है।

**Actual Size** इस कमांड के द्वारा text का सही आकार screen पर दिखाई पड़ता है।

**Fit in Window** यह publication का अन्य दूसरा view है जिसमें पूरा page, screen की window पर fit हो जाता है।

**Entire Pasteboard** यह आदेश screen पर पूरा pasteboard देखने की अनुमति देता है।

**Zoom To** इस कमांड के द्वारा publication को उसके विभिन्न प्रतिशतों में देखा जा सकता है।

**Hide Rulers** Rulers की screen के बाँये भाग पर अथवा ऊपरी भाग पर छुपाता अथवा दिखाता है।

**Snap to Rulers** इस कमांड के द्वारा text या graphics को पेज पर स्पष्ट रूप से रखा जाता है। जब Snap to

Rulers on रहता है तो कोई भी defined item आप रखते अथवा खिसकाते है तो ruler द्वारा अदृश्य grid पर tick mark के intersection के करीब ruled हो जाती है।

**Zero Lock** इस कमांड का प्रयोग जीरो पोजिशन को लॉक करने के लिए करते हैं। जिसे किसी घटनावश बदला नहीं जा सकता। Zero point वह स्थिति है जहाँ होजिजोन्टल और वर्टिकल रूलर दोनों का 0 मिलता है।

**Hide Guides** इस कमांड का प्रयोग Column ruler and guides को छिपाने के लिए करते हैं।

**Snap to Guides** इस कमांड के द्वारा इसके दायरे में आने वाले margin, column/ruler tool, text या graphics सभी को प्रभावित करता है।

**Lock Guides** इस कमांड के माध्यम से सभी column और ruler guides को lock कर देते हैं आप उन्हें दुर्घटनावश बदल नहीं सकते।


**Clear Ruler Guides** इस कमांड से स्क्रीन से सभी तरह के ruler guides गायब हो जाते हैं।

**Send Guides to Back** इसके द्वारा सभी तरह के गाइड वापस चले जाते हैं, दिखाई नहीं पड़ते।

**Hide Scroll Bars** इस कमांड से scroll bar को छिपा सकते हैं।

## Window Menu

इस menu में निम्नलिखित विकल्प है :




**Arrange Icons** पेजमेकर प्रोग्राम में इस कमांड के द्वारा छोटे किये गये publication और stories के icons को कतारबद्ध व्यवस्थित करते हैं।

**Tile** इस कमांड के द्वारा दो या दो से अधिक windows को टाइल्स जैसे घर के फर्श पर लगाए जाते हैं उसी तरह अलग–बगल सजा सकते हैं।

**Cascade** इस कमांड के द्वारा पब्लिकेशन वाले फाइल की पकड़ को तोड़ देते हैं जिससे कि आप उसके साइज को छोटा कर सके और विंडो के अन्दर कहीं भी fit हो जाये। तथा ज्यादा फाईलों के लिए जगह उपलब्ध हो। इसका प्रयोग दो फाइलों से अधिक फाइल खोलने के लिए करते हैं।

**Hide Tools** इस कमांड के द्वारा Toolbar को हटाया जा सकता है साथ ही Show Tools कमांड को सक्रिय करने पर Toolbar दिखाई देने लगता है जिससे काम लिया जा सकता है।

**Show Control Palette** इस कमांड के द्वारा screen पर Control Palatte के on/off को छिपाया और प्रकट किया जा सकता है।

**Show Colors** इस कमांड के द्वारा screen पर Color के on/off को छिपाया और प्रकट किया जा सकता है।

**Show Styles** इस कमांड के द्वारा स्टाइल को दिखाया या छिपाया जाता है।

**Show Layers** इस कमांड के द्वारा layer palette को देखा जाता है।

**Show Master Pages** इस कमांड के द्वारा विभिन्न master pages के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

**Show Hyperlinks** इसके द्वारा प्रकाशन के विभिन्न hyperlinks देखे जा सकते हैं।

**Plug-in Palettes** इसके माध्यम से विभिन्न plug-ins के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

**Open files** इस कमांड के द्वारा किसी भी खुली फाइल (तत्काल वाली के सहित) के बारे में सूचना प्राप्त की जाती है।

## Help Menu

इस menu में निम्नलिखित विकल्प हैं :




**Help Topics** यह कमांड स्क्रीन पर अनेक तरह के Help Topics प्रदान करता है। जरूरत के अनुसार उनका चुनाव किया जा सकता है।

**Registration** यह कमांड आपके सॉफ्टवेयर को कम्पनी के साथ रजिस्ट्रेशन करने के बारे में बताता है, जिससे बाद का रूपान्तरण या revisions प्राप्त किया जा सकता है।

**Adobe Online** इस कमांड के द्वारा कम्पनी के website पर जाया जा सकता है।

**About PageMaker** इसके द्वारा पेजमेकर के copyright page के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**Toolbar options**

PageMaker 7.0 ने आदेशों के एक set को एकत्रित किया है जो कि प्राय: एक toolbar के रूप में इस्तेमाल होता है, जहाँ सिर्फ एक click द्वारा, आप इन आदेशों में ज सकते है। ये toolbar विभिन्न menu आदेशों के अन्तर्गत भी उपलबध है, लेकिन यह उनमें जाने का तेज तरीका है। इसी toolbar में Utilities Menu, plug-ins, Show/ Hide Toolbar से जा सकते है।

**THE END**